**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Regarding development of Hazira Port in Gujarat.

**श्री मितेष पटेल (बकाभाई) (आनंद):** महोदय, हजीरा पोर्ट या सूरत पोर्ट गहरे पानी का तरलीकृत प्राकृतिक गैस टर्मिनल और मल्टी-कार्गो डीप वाटर पोर्ट है, जो भारत के सूरत से लगभग 20 मील दक्षिण पश्चिम में स्थित है। यहाँ एलएनजी सुविधा चालू है, जबकि कार्गो पोर्ट विकासाधीन है। महोदय, हजीरा पोर्ट सेंट्रल गुजरात के, वड़ोदरा, भरूच, पंचमहाल, मेरे मत विस्तार आनंद आदि जिलों जहां कि बहुत सारे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग हैं, उनके लिए कार्गो ट्रांसपोर्टेशन की दृष्टि से बहुत अहम साबित होने वाला है। आनंद, जहां दालों की कई मिलें है और दाल निर्यात का बड़ा केंद्र है, उनके लिए अफ्रीका जैसी जगहों के लिए हजीरा कार्गो पोर्ट शुरू होने से व्यापार वर्तमान से ज़्यादा आसान हो जाएगा, क्योंकि सेंट्रल गुजरात विशेषकर वड़ोदरा और आनंद से नजदीक कार्गो पोर्ट मुंबई 450 किलोमीटर और कांडला 400 किलोमीटर पड़ता है, जबकि हजीरा पोर्ट की दूरी 200 किलोमीटर है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से संबन्धित विभाग को आग्रह करता हूँ कि हजीरा पोर्ट के तेजी से विकास एवं कार्गो सुविधा को दुरुस्त कर शुरू करने हेतु तुरंत कदम उठाए जाए।